# छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन

मुख्यालय–सेक्टर–24, अटल नगर नवा रायपुर (छ0ग0)

Telephone: 0771-2272969, Email: swc.mgrpersonnel@gmail.com, Website : www.cgswc.cg.gov.in

क्रमांक/11299 /छगवेका/मु0/स्था0(परिपत्र 02)/2023–24/ रायपुर, दि0–20/10/23

प्रति,

समस्त शाखा प्रबंधक,
छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन,
छत्तीसगढ़।

**विषयः–दशहरा एवं दीपावली पर्व में गोदामों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने बाबत्।**

––00––

विषयांतर्गत, माह अक्टूबर 2023 एवं माह नवम्बर 2023 में दशहरा एवं दीपावली का त्यौहार है। गोदामों में संग्रहित खाद्यान्न एवं अन्य स्कंध की सुरक्षा एवं शाखा की सुचारू कार्यसंचालन व्यवस्था हेतु निम्नानुसार आवश्यक सावधानियॉ रखना सुनिश्चित करें –

**01.** किसी भी स्थिति में बिना अवकाश स्वीकृति/अनुमति के पदस्थी स्थल से अनुपस्थित न रहें।

**02.** सभी अधीनस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लिखित में ड्यूटी लगाते हुये संबंधित पंजी अद्यतन रखें, रात्रिकालीन चौकीदारी हेतु लिखित में आदेश जारी करें ताकि आगजनी/चोरी इत्यादि अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। समस्त कर्मचारियों की ड्यूटी की सूचना थाना एवं प्रशासन को देवें।

**03.** शाखाओं में अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु अग्निशामक यंत्र उपयोगी स्थिति में रखें एवं गोदाम परिसर में अग्नि सुरक्षा के लिये आवश्यक मात्रा में रेत इत्यादि का प्रबंध करें।

**04.** गोदाम परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश करने न देवें। किसी भी प्रकार की शंका /विवादास्पद स्थिति/घटना होने पर त्वरित स्थानीय प्रशासन एवं थाना प्रभारी को सूचित करते हुये, आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**05.** गोदाम परिसर के अन्दर गोदामों के समीप पटाखें/आग आदि नहीं फोड़े/जलाने पायें, जिससे संग्रहित स्कंध की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, इसका पूरा ध्यान रखा जावें।

**06.** सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुये शाखा के सभी गोदामों के शटर एवं सभी खिड़कियॉ बंद कर, सतत् निगरानी में रखें।

उपरोक्तानुसार गोदाम सुरक्षा संबंधी सावधानियों के साथ कार्य संचालन किया जाना सुनिश्चित करें।

20/10/23

**प्रबंधक कार्मिक**

क्रमांक/11299 /छगवेका/मु0/स्था0(परिपत्र 02)/2023–24/ रायपुर, दि0–20/10/23

**प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01. निज सचिव, प्रबंध संचालक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय नवा रायपुर।
02. प्रबंधक (वाणिज्य/लेखा/वैज्ञानिक भण्डारण एवं गुणवत्ता नियंत्रण), कार्यपालन अभियंता, नोडल अधिकारी आई0टी0, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय नवा रायपुर।
03. प्रोग्रामर, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय नवा रायपुर को निर्देशित है कि उक्त परिपत्र को निगम की वेबसाईट में अपलोड करना सुनिश्चित करें।
04. मास्टर नस्ती।

20/10/23

**प्रबंधक कार्मिक**